# आईडिया कम्युनिकेट करने में संकोच न करें विद्यार्थी

**जगदलपुर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी में बुधवार को आईआईसी इकाई द्वारा स्टूडेंट्स सेंसेटाइजेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और इनोवेशन और स्टार्ट अप को लेकर अपनी आइडिया शेयर किए। आयोजन के स्पीकर राहुल सिंह ने कहा कि लीडरशिप से दूरी, कंफिडेंस की कमी और जरूरी स्किल नहीं होने के कारण स्टूडेंट्स इनोवेशन और उद्यमिता के क्षेत्र में आने में झिझक रहे हैं, जबकि इन कमियों को आसानी से दूर किया जा सकता है। विद्यार्थियों को बिना किसी संकोच के अपनी आईडिया को आईआईसी के साथ कम्युनिकेट करने आगे आना चाहिए। विवि की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल एवं एसएमके वि



## इनोवेशन और उद्यमिता के लिए स्टूडेंट्स सेंसेटाईजेशन प्रोग्राम आयोजित

इंक्यूबेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेषन स्टूडेंट्स को हर स्तर पर सहयोग करेगा। प्रोजेक्ट रजिस्ट्रेशन के साथ गाइडेंस, फंडिंग, मेंटरशिप, पेटेंट फाइलिंग और इन्क्यूबेशन सपोर्ट ईत्यादि में सहयोग करेगा। श्री राहुल ने केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के युक्ति नामक पहल की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्टार्टअप और इंटरप्रयोन्यरशिप के लिए लीडरशिप की कमी पर विशेष फोकस करने की जरूरत होती है। विद्यार्थी प्रॉब्लम सॉल्विंग एप्रोच के साथ हर क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। विवि में स्थापित नई कंपनी विद्यार्थियों को हर सुविधा उपलब्ध कराएगी। डॉ. रश्मि देवांगन ने कहा कि वर्तमान विद्यार्थी के अतिरिक्त पूर्व एल्युमिनाई विद्यार्थी भी अपनी आइडिया को विवि आईआईसी के साथ शेयर कर सकते हैं। विद्यार्थी केवल नए आईडिया ही नहीं बल्कि पुराने उद्यम को इनोवेशन के साथ सफल बनाने का आइडिया कम्युनिकेट कर सकते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में अतिथि व्याख्याता डॉ. गायत्री, डॉ. कृष्ण कुमार वर्मा व अनुभा डे विश्वास सक्रिय रहे।